■ संक्षिप्त समाचार

www.sanjanabharati.com | दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित | facebook.com/Sanjanabharati

SB NEWS

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 जल गंगा संवर्धन अभियान से प्रदेश होगा...
3 बेगूसराय में बिहार बंद का दिखा असर
4 सी.एम.आर. डिलीवरी में डिफाल्ट के लिए वन...

वर्षः 9 | अंकः 256 | दिल्ली, गुरुवार, 10 जुलाई 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

## सीएम रेखा गुप्ता के सरकारी आवास का नहीं होगा रेनोवेशन

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** दिल्ली सरकार ने कुछ प्रशासनिक कारणों से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आधिकारिक आवास के लिए 60 लाख रुपये के नवीनीकरण के टेंडर को रद्द कर दिया। सीएम गुप्ता को लोक निर्माण विभाग द्वारा राज निवास मार्ग पर दो बंगले आवंटित किए गए थे-एक उनके आवास के लिए और दूसरा कैंप कार्यालय के लिए। उन्होंने पिछले हफ़्ते अपने कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया था। प्रस्तावित पुनर्निर्माण में व्यापक विद्युत फिटिंग शामिल थी-इनमें 14 एयर कंडीशनर, कई टेलीविजन और अन्य विद्युत फिटिंग शामिल थीं, जिनका उद्देश्य सीएम के आधिकारिक आवास को उन्नत करना था। फरवरी के चुनावों में भाजपा की शानदार जीत के बाद पहली बार विधायक बनीं और मुख्यमंत्री पद के लिए आश्चर्यजनक रूप से चुनी गईं गुप्ता को आधिकारिक आवास के रूप में बंगला आवंटित होने में लगभग 100 दिन लग गए। आखिरकार जून की शुरूआत में आवंटन हुआ; दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में राज निवास मार्ग पर स्थित आस-पास की संपत्तियाँ गुप्ता को उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल की अवधि के लिए दे दी गईं।

## हरित पहल के तहत उत्तर प्रदेश में 37.21 करोड़ पौधे रोपे गये

**उत्तर प्रदेश (एजेन्सी)।** उत्तर प्रदेश के सभी जिलों और मंडलों में बुधवार को वृहद पौधारोपण अभियान के तहत 37.21 करोड़ पौधे लगाए गए। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जिला स्तर पर इस हरित पहल का नेतृत्व सोनभद्र ने किया, जो 1,58,88,285 पौधों के रोपण के साथ उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में अग्रणी रहा। उसके बाद झांसी (99.51 लाख), लखीमपुर खीरी (96.75 लाख), जालौन (95.66 लाख) और मिर्जापुर (70 लाख) प्रमुख स्थान हासिल करने वाले अन्य जिले रहे।

## जेपी नड्डा ने मंडी के आपदा प्रभावित इलाकों का किया दौरा

**मंडी (एजेन्सी)।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंडी ज़िले के थुनाग में बादल फटने और भारी बारिश से प्रभावित लोगों से मुलाकात की और इलाकों का दौरा किया। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे। जेपी नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लगभग 51 स्थानों पर प्राकृतिक आपदाओं के कारण गंभीर त्रासदी हुई है, जान-माल का नुकसान हुआ है। मैं अपनी और पार्टी की ओर से गहरा दु:ख व्यक्त करना चाहता हूँ। इससे हिमाचल के लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यहाँ राहत कार्य तेजी से चलाए जा रहे हैं। नड्डा ने आगे कहा कि राहत कार्यों की शुरूआत सबसे पहले भाजपा कार्यकताओं ने की। राज्य भर से लोगों ने राहत सामग्री भेजी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार राहत प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है। हम पहले भी किसी भी आवश्यक वित्तीय सहायता के लिए दृढ़ रहे हैं और भविष्य में भी ऐसा करते रहेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में राहत कार्यों के लिए 2,006 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

## राजस्थान के चूरू में दुर्घटनाग्रस्त हुआ वायु सेना का लड़ाकू विमान

**चूरू (एजेन्सी)।** राजस्थान के चूरू जिले के रतनगढ़ क्षेत्र के भानुदा गाँव के पास मंगलवार को भारतीय वायु सेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों पायलट का निधन हो गया है। घटना के बाद, राजलदेसर पुलिस स्टेशन की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर भेजी गई। दुर्घटना स्थल से घना धुआं उठता देखा गया तथा दृश्यों में विमान पूरी तरह जला हुआ दिखाई दे रहा है। वायुसेना ने एक बयान में कहा कि भारतीय वायुसेना का एक जगुआर प्रशिक्षक विमान आज राजस्थान के चुरू के पास एक नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में दोनों पायलटों को गंभीर चोटें आईं। किसी भी नागरिक संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है।

# मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ सड़कों पर उतरे महागठबंधन के कार्यकर्ता, जनजीवन प्रभावित




(एजेन्सी)।
**पटना।** बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ इंडिया गठबंधन (महागठबंधन) द्वारा बुलाए गए बिहार बंद का असर बुधवार को पूरे राज्य में मिला-जुला देखने को मिला। कहीं सड़कों पर जाम लगा, तो कहीं ट्रेनें रोकने की कोशिश हुई, तो कई जिलों में बाजार सामान्य रूप से खुले रहे।

रोहतास जिले के सासाराम में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने पोस्ट ऑफिस चौक पर प्रदर्शन करते हुए सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। स्थानीय विधायक राजेश कुमार गुप्ता ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को भाजपा द्वारा प्रायोजित करार देते हुए कहा कि सरकार स्वायत्त संस्थाओं पर कब्जा कर रही है और गरीबों से वोट का अधिकार छीनने की साजिश कर रही है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सासाराम रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों को रोकने की कोशिश की, लेकिन पहले से सतर्क आरपीएफ और जीआरपी की कार्रवाई के चलते रेल यातायात बाधित नहीं हुआ। औरंगाबाद जिले में बंद का असर मुख्य सड़कों तक सीमित रहा। यहां एनएच-19, एनएच-120 और 139 सहित अन्य महत्वपूर्ण मार्गों को महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने सुबह से दोपहर तक बाधित किया। राजद, कांग्रेस, भाकपा माले समेत कई दलों के नेता सड़कों पर उतर कर धरने पर बैठ गए। बाजार खुला रहा, लेकिन सड़क पर जाम के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। दोपहर बाद यातायात सामान्य हो गया।

जमुई जिले में चक्का जाम के दौरान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित सिंह का काफिला सिकंदरा चौक पर जाम में फंस गया। मंत्री के अंगरक्षकों ने जाम हटाने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने नहीं सुनी, जिसके चलते मंत्री को करीब 5-7 मिनट रुकने के बाद पटना लौटना पड़ा। जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड स्तर तक महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने दोपहर तक सड़कों पर चक्का जाम किया, जिससे आम जनता को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गया शहर में महागठबंधन का बंदी पूरी तरह सफल दिखा। सुबह से ही सड़कों पर महागठबंधन कार्यकर्ता उतर आए और कई स्थानों पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। मुख्य सड़कों पर यातायात बाधित रहा और अधिकांश दुकानें बंद रहीं। राजद सांसद सुरेंद्र यादव ने कहा कि मैं मोदी से ज्यादा पढ़ा-लिखा हूं, और हम मतदाता पुनरीक्षण की इस प्रक्रिया को रुकवाकर ही रहेंगे।

गोपालगंज में महागठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल रैली निकाली और सड़कों पर उतर कर चक्का जाम किया। बंद के दौरान अधिकांश दुकानें बंद रहीं और वाहनों की आवाजाही भी कम दिखी। प्रदर्शन के नेतृत्व में राजद, कांग्रेस, भाकपा माले, सीपीआई और वीआईपी के जिला स्तरीय नेता शामिल थे। नेताओं ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को गरीब और पिछड़े तबके के खिलाफ षड्यंत्र करार दिया।

नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि 2003 में पांच करोड़ मतदाताओं का पुनरीक्षण दो साल में हुआ था, तो अब आठ करोड़ मतदाताओं का काम एक महीने में कैसे पूरा होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया सत्ता पक्ष द्वारा चुनाव जीतने की साजिश है। राज्य भर में बंद के दौरान पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। सड़कों पर जगह-जगह पुलिस बल और दंडाधिकारी तैनात किए गए थे। कई जगहों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी भी की गई और प्रदर्शनकारियों की वीडियोग्राफी कराई गई। सासाराम में एसडीओ आशुतोष रंजन और डीएसपी वन दिलीप कुमार खुद पूरे समय स्थिति की निगरानी करते रहे।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आह्वान पर महागठबंधन द्वारा आयोजित बिहार बंद का सारण जिले में खासा असर देखने को मिला। जिला मुख्यालय छपरा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी विरोध-प्रदर्शन का व्यापक नजारा दिखा। राजद, कांग्रेस, भाकपा माले, वीआईपी, वाम दलों समेत तमाम विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने बंद को सफल बनाने के लिए सड़कों पर उतरकर बाजार बंद कराया और राष्ट्रीय तथा राज्यीय राजमार्गों को अवरुद्ध किया।

छपरा शहर के नगर पालिका चौक पर राजद जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राय और पूर्व मंत्री व विधायक जितेंद्र कुमार राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर-झंडा लेकर विरोध प्रदर्शन किया। बाजार क्षेत्र को शांति पूर्वक बंद कराया गया, वहीं चारपहिया, तिपहिया और दुपहिया वाहनों की आवाजाही को भी रोक दिया गया, जिससे पूरे शहर में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य को गरीब, दलित और पिछड़े वर्गों के मताधिकार को कमजोर करने की साजिश करार दिया।

विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी सुधांशु रंजन और रितेश सिंह मुखिया के नेतृत्व में जलालपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित महेंद्र मिश्रा चौक पर छपरा-सलेमपुर राष्ट्रीय उच्च पथ को पूरी तरह जाम कर दिया गया। यहां महागठबंधन के सभी घटक दलों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# स्कूलों-कॉलेजों से 100 मीटर तक न मिले तंबाकू उत्पादः रविन्द्र इंद्राज



**■ युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के उपायों और प्रयासों पर अधिक जोर दिए जाने की जरूरत-रविन्द्र इंद्राज**

संजना भारती संवाददाता
**नई दिल्ली।** समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने बुधवार को नशामुक्ति अभियान की प्रगति को लेकर पूर्वी दिल्ली जिले के डीएम, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों और इस क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ के साथ समीक्षा बैठक की। समाज कल्याण मंत्री ने शैक्षणिक संस्थानों से 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर रोक के निर्देश दिए।

समाज कल्याण मंत्री ने नशे पर नियंत्रण के लिए चयनित डार्क स्पॉट्स, पार्क और टॉयलेट्स की निगरानी के निर्देश दिए। मेडिकल स्टोर्स व अन्य जगहों पर ऐसे उत्पादों की बिक्री में सावधानी के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए, जो नशे के लिए प्रयुक्त हो रही हैं।

श्री इंद्राज ने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के उपायों और



प्रयासों पर अधिक जोर दिए जाने की जरूरत है। शैक्षणिक संस्थानों से 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर रोक इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा, पुलिस और शैक्षणिक संस्थान इसे जनसहयोग से नियंत्रित करने मे अहम योगदान दे सकते हैं। बैठक में पार्कों में ओपन जिम की सुविधा, स्किल डेवलपमेंट के प्रयासों, नए डिएडिक्शन सेंटर शुरू करने और जागरूकता कार्यक्रमों खासकर अभिभावकों को ड्रग लेने वाले बच्चों के लक्षणों को लेकर जागरूक करने पर चर्चा हुई।

श्री इंद्राज ने कहा कि उन्होंने दिल्ली के सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों से आग्रह किया है कि अपने परिसर में 'नशा मुक्ति क्लब' बनाएं और परिसर को ड्रग फ्री घोषित करें। बैठक में स्कूलों में भी एक शिक्षक को नोडल अधिकारी बनाने और छात्रों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने पर चर्चा हुई। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में वालन्टियर्स तैयार कर नशे के खिलाफ लड़ाई में प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

# सीएम पुष्कर सिंह धामी ने किया 'हाउस ऑफ हिमालयाज' आउटलेट का उद्घाटन

एसबी संवाददाता
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड निवास परिसर में 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के आउटलेट का उद्घाटन किया। यह आउटलेट उत्तराखण्ड की पारंपरिक धरोहर और जैविक उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी में संगठित रूप में प्रस्तुत करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इसके माध्यम से न केवल राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को देश के सामने लाया जाएगा, बल्कि स्थानीय उत्पादों को नए बाजार भी प्राप्त होंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल राज्य सरकार की उस दूरदृष्टि का परिणाम है, जिसका उद्देश्य पर्वतीय अंचलों में उत्पादित प्राकृतिक और हस्तनिर्मित वस्तुओं को वैश्विक पहचान दिलाना है। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा और साथ ही स्थानीय कारीगरों व शिल्पकारों को नए अवसर प्रदान करेगा। चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों की ब्रिकी को बढ़ावा देने हेतु 13 से अधिक प्रमुख स्थानों पर आकर्षक फ्लोर स्टैंडिंग यूनिट्स और रिटेल काट्र्स नैनी सैनी एयरपोर्ट, पंतनगर एयरपोर्ट, देहरादून हेलीपैड, जीएमवीएन श्री केदारनाथ, बद्रीनाथ, हर्षिल, गुप्तकाशी, कौडियाला, मसूरी, परमार्थ निकेतन (ऋषिकेश), स्नो क्रेस्ट (बद्रीनाथ), एटीआई (नैनीताल) एवं सेंट्रिया मॉल जैसे तीर्थ और पर्यटक स्थलों पर स्थापित किए गए हैं। ये रिटेल काट्र्स श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, मैरियट मसूरी, ताज देहरादून, एफआरआई व एलबीएसएनएए एवं राष्ट्रीय राजधानी स्थित दिल्ली हाट जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी रिटेल काट्र्स की स्थापना प्रक्रिया प्रगति पर है। यह पहल न केवल स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिला रही है, बल्कि उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शिल्प कौशल को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत कर रही है। सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती राधिका झा ने बताया कि 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड ने कम समय में अपनी गुणवत्ता के बल पर विशेष पहचान बनाई है।

इस अवसर पर सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती राधिका झा, उत्तराखण्ड के स्थानिक आयुक्त श्री अजय मिश्रा आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसवाईएल को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और हरियाणा व पंजाब के मुख्यमंत्रियों की सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई सार्थक चर्चा

## अगली बैठक में अवश्य ही सार्थक हल निकलेगा-नायब सिंह सैनी

संजना भारती संवाददाता
**चंडीगढ़।** केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल की अध्यक्षता में बुधवार को नई दिल्ली में एसवाईएल को लेकर हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों की सौहार्दपूर्ण माहौल में सार्थक चर्चा हुई। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के अलावा केन्द्रीय सचिव देबामुखर्जी, हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल सहित सिंचाई विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 5 अगस्त को आयोजित




की जाएगी। बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बैठक में सार्थक चर्चा हुई है और पंजाब के मुख्यमंत्री ने भी यह कहा है कि यह मुद्दा खत्म होना चाहिए, क्योंकि ज्यादा लंबा समय हो चुका है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस विषय पर सही परिणाम अवश्य निकलेंगे। पंजाब व हरियाणा दोनों भाई हैं और आज भी आपसी प्यार व भाईचारे के साथ एक ही आंगन में रहते हैं।

अगली बैठक में बातचीत से अवश्य ही बेहतर हल निकलेगा और इसके सकारात्मक परिणाम आएगें।

# सीएम भजनलाल शर्मा ने श्रीनाथ जी मंदिर में किए दर्शन, प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

एसबी संवाददाता
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुड़िया पूर्णिमा मेले के अवसर पर डीग जिले के पूंछरी का लौठा स्थित श्रीनाथ जी मंदिर में सपत्नीक दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री शर्मा ने इससे पहले सप्तकोसी गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। इस दौरान श्री शर्मा ने पूंछरी मे प्याऊ पर जल सेवा की तथा भक्तों को भंडारे की प्रसादी का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थली की व्यवस्थाओं का भी



अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा प्रतिवर्ष मुड़िया पूर्णिमा मेला के अवसर पर गोवर्धन परिक्रमा मार्ग के पूंछरी में अपने सेवा स्थल के माध्यम से श्रद्धालुओं को पूर्ण सेवाभाव से शीतल जल एवं प्रसादी का वितरण करते हैं। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह लखावत, विधायक श्री बहादुर सिंह कोली, डॉ. शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीनाथ जी मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान होता है जो अंधकार से उजाले की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि वे विगत 25 वर्षों से अधिक समय से मुड़िया पूर्णिमा के अवसर पर गिर्राज जी आ रहे हैं। यह स्थान भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ा स्थली रही है।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि विकास और विरासत साथ-साथ चलने चाहिए। मंदिर हमारी आस्था और संस्कृति के प्रमुख केंद्र हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन की सरकार प्रदेश में मंदिर और तीर्थ स्थलों के विकास के लिए कार्य कर रही है।

## खबर का असर

# राजौंद में चलाया बंदर पकड़ो अभियान शुरू

## नागरिकों की मांग पर बंदर पकड़ो अभियान शुरू किया गया हैः नपा सचिव नरेंद्र शर्मा

एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार
**राजौंद।** नगर पालिका राजौंद के द्वारा नगर में बंदर पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया गया है। पिछले दिनों बंदरों के काटने की कई घटनाएं मीडिया में आती रही है। नागरिकों ने नपा राजौंद से बार-बार मांग की थी कि बंदर, नागरिकों को प्रशासन कर रहे है। कई नागरिकों को बंदर ने काट लिया था। बंदर घर में घुस जाते हैं व काफी नुकसान करते हैं। नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि नागरिकों की मांग पर नगर पालिका राजौंद के द्वारा नगर में बंदर पकड़ने का अभियान शुरू कर दिया गया है।

पिछले दिनों इस खबर को दैनिक संजना भारती समाचार पत्र ने प्रमुखता से उठाया था। नागरिकों ने अभियान शुरू करने पर नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा व दैनिक संजना भारती समाचार पत्र का धन्यवाद किया है। पार्षद वार्ड नंबर आठ अनुराग ने बताया कि नागरिकों की बार-बार शिकायत मिल रही थी कि बंदर सभी नागरिकों को परेशान कर रहे हैं। नागरिकों को काट कर घायल कर रहे हैं। घरों का



सामान उठा कर ले जाते हैं। बाहर सुख रहे कपड़े फाड़ देते हैं।

राजौंद के दुखी नागरिको व मीडिया ने इस खबर को उठाया था। दैनिक संजना भारती समाचार पत्र में खबर छपने पर नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया। बंदर पकड़ो अभियान ठेकेदार द्वारा राजौंद में शुरू कर दिया गया है। ठेकेदार विजेंद्र ने कहा कि जिस वार्ड में बंदरों की अधिकता है। वे ठेकेदार को उनके जारी मोबाइल नंबर 7357241876 पर जारी कर सूचना दे सकता है। ठेकेदार ने बताया कि बंदरों को पकड़कर कलेसर, जिला यमुनानगर के जंगल में छोड़ा जाएगा।

# सम्पादकीय

## मोदी की नामीबिया यात्रा

**प्रधानमंत्री** मोदी की नामीबिया यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हम आपको बता दें कि अफ्रीका, विशेष रूप से दक्षिणी अफ्रीका का हिस्सा, खनिज संसाधनों, ऊर्जा स्त्रोतों और वैश्विक व्यापार मार्गों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन ने पिछले दो दशकों में अफ्रीका में बड़े पैमाने पर निवेश कर वहां की सरकारों और बाजारों पर अपनी पकड़ मजबूत की है। भारत के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वह चीन की इस रणनीति का प्रभावी उत्तर दे और अपने पुराने अफ्रीकी साझेदारों के साथ नए संबंधों को सशक्त करे। इस संदर्भ में मोदी की यह यात्रा चीन को एक स्पष्ट संकेत है कि अफ्रीका अब केवल उसकी आर्थिक प्रयोगशाला नहीं रह सकती। भारत साझेदारी के माध्यम से विकास की नीति को आगे बढ़ाते हुए अफ्रीकी देशों को भरोसा दिला रहा है कि वह शोषण नहीं, सहयोग का प्रस्ताव लेकर आया है। भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की भावना और विकासोन्मुख दृष्टिकोण चीन की एकपक्षीय रणनीति से अलग है। यदि आप नामीबिया में चीन के प्रभाव पर नजर डालेंगे तो चौंक जाएंगे। हम आपको बता दें कि खनिज संसाधनों से भरपूर और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अफ्रीकी देश नामीबिया चीन की नरम साम्राज्यवाद नीति का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। साथ ही चीन-नामीबिया संबंधों की गहराई भारत के लिए नई भू-राजनीतिक चुनौतियाँ खड़ी कर रही है। हम आपको बता दें कि चीन ने नामीबिया में आधारभूत ढाँचे जैसे सड़क, रेलवे, सरकारी भवनों, बंदरगाहों और अस्पतालों में भारी निवेश किया है। इसके तहत Belt and Road Initiative (BRI) के अंतर्गत नामीबिया चीन से बड़े पैमाने पर ऋण ले चुका है। साथ ही नामीबिया की राजधानी विंडहुक में बना चीनी दूतावास अफ्रीका के सबसे बड़े दूतावासों में से एक है- जो चीन के रणनीतिक इरादों का संकेत देता है।

## कविता

### सदगुरु

गुरुदेव पर क्या लिख पाऊं,महिमा अपरम्पार
गुरु बिना है ज्ञान अधूरा, गुरु से है सारा संसार

ज्ञान का दीप जलाते गुरुवर
सत्य मार्ग बतलाते हैं
भटके जो प्राणी इत – उत को
स्वयं उसे सुलझाते है
हम सबकी हृदय के स्वामी
नैया के पतवार
गुरु बिना है ज्ञान अधूरा गुरु से है सारा संसार

सुमिरन करिए गुरु चरणों का
अमृत गुरु की वाणी है
सेवा करके पुण्य कमाएं
महिमा जिसने जानी है
मिल जाए सानिध्य गुरु का
हम पर हो उपकार
गुरु बिना है ज्ञान अधूरा गुरु से है सारा संसार



**-गीता राठौर 'गुंजन'**
संगीत शिक्षिका एवं कवयित्री, पूरनपुर, पीलीभीत

## जयंती

### कर्नल धर्मवीर सिंह

जन्म-10 जुलाई, 1910; मृत्यु-16 मई, 2022) भारतीय सेना के जांबाज सैनिकों में से एक थे। सन 1971 में लोंगेवाला की लड़ाई में पाकिस्तान पर भारत की जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। 4 दिसंबर, 1971 की रात लोंगेवाला चेकपोस्ट पर ज्यादा जवानों की तैनाती नहीं थी। लेफ्टिनेंट धर्मवीर की अगुआई में वहां पेट्रोलिंग टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान की तरफ से कुछ हरकतें सुनाई दी। उन्होंने इसकी खबर तुरंत ब्रिगेडियर चांदपुरी को दी। इसके बाद तत्कालीन मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी के नेतृत्व और लेफ्टिनेंट धर्मवीर की अगुआई में छोटी-सी भारतीय टुकड़ी ने पाकिस्तानी फौज को धूल चटा दी।

## पुण्यतिथि

### जोहरा सहगल

जन्म: 27 अप्रैल, 1912; मृत्यु: 10 जुलाई 2014) प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं रंगमंच कलाकार थीं। इनका मूल नाम 'साहिबजादी जोहरा बेगम मुमताजुल्ला खान' है। थियेटर को अपना पहला प्यार मानने वाली जोहरा ने पृथ्वीराज कपूर के पृथ्वी थियेटर में करीब 14 साल तक काम किया। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों में भी काम किया। जिनमें हम दिल दे चुके सनम, बेंड इट लाइक बेकहम और चीनी कम जैसी फिल्में शामिल हैं। जोहरा सहगल को 1998 में पद्मश्री, 2002 में पद्मभूषण और 2010 में पद्म विभूषण से नवाजा जा चुका है।

## कल मिलेंगे

लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था.
**टीचर**-क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
**लड़का**-नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है.

## संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**
**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com
(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# जल गंगा संवर्धन अभियान से प्रदेश होगा जल-समृद्ध

**-लोकेन्द्र सिंह**

**मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरित हैं। याद हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण के लिए जनांदोलन चलाने का आह्वान किया था। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह किया कि वह अपने स्तर पर वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रयास करे। प्रधानमंत्री मोदी की पहलकदमी पर भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत कैच द रेन अभियान को शुरू किया है**

**मध्यप्रदेश** के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने अभिनव प्रयोगों से अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। मध्यप्रदेश में जल संरक्षण के लिए प्रारंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदर्शी पहल है। निकट भविष्य में हमें इसके सुखद परिणाम दिखायी देंगे। शुभ प्रसंग पर शुभ संकल्प के साथ जब कोई कार्य प्रारंभ किया जाता है, तब उसकी सफलता के लिए प्रकृति एवं ईश्वर भी सहयोग करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर मध्यप्रदेश सरकार ने गुड़ी पड़वा (30 मार्च) से 30 जून तक प्रदेश स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान चलाकर जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया, जो जनांदोलन में परिवर्तित हो गया। सरकार को भी विश्वास नहीं रहा होगा कि जल संरक्षण जैसे मुद्दे को जनता का इतना अधिक समर्थन मिलेगा कि सरकारी अभियान असरकारी बन जाएगा और समाज इस अभियान को अपनी जिम्मेदारी के तौर पर स्वीकार कर लेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत और इससे प्रेरित होकर प्रदेश में अनेक स्थानों पर जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया गया, उनको व्यवस्थिति किया गया और वर्षा जल को एकत्र करने की रचनाएं बनायी गईं। कहना होगा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल और प्रतिबद्धता ने जल संरक्षण के इस अभियान को एक जनांदोलन का रूप दे दिया है, जिससे जल संरक्षण में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।

जल गंगा संवर्धन अभियान को गति देने के लिए मनरेगा योजना के अंतर्गत खेत तालाबों, अमृत सरोवरों और कूप रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। साथ ही पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार भी किया गया है। इस अभियान में 2 लाख 39 हजार जलदूतों का सक्रिय सहयोग मिला, जिन्होंने जल संवर्धन के संदेश को घर-घर तक पहुँचाया। ये जलदूत जब गाँव-गाँव, नगर-नगर और घर-घर जल संरक्षण का संदेश लेकर पहुँचे तो एक सकारात्मक वातावरण भी बना और जल संरक्षण को लेकर समाज के भीतर एक जागरूकता भी आई। निःसंदेह, यदि यह जनजागरूकता स्थायी हो जाए तो जल गंगा संवर्धन अभियान की सबसे बड़ी सफलता होगी। अभियान को शुरू करते समय सरकार ने जो लक्ष्य तय किया था, उससे कहीं अधिक परिणाम धरातल पर प्राप्त हुआ है। जल संरक्षण के लिए 38 हजार नए खेत तालाबों का निर्माण किया गया है। खंडवा जिले में 254 करोड़ रुपये की लागत से 1 लाख से अधिक कुओं को रिचार्ज किया गया, जिसके लिए खंडवा को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इंदौर संभाग ने स्वच्छता और जल संरक्षण में नंबर-एक का स्थान हासिल किया है। ये दो प्रमुख उदाहरण हैं। प्रदेश के अन्य जिलों में भी उल्लेखनीय कार्य हुआ है। समूचे मध्यप्रदेश में 70 हजार कुओं, बावड़ियों, नदियों और तालाबों का संरक्षण किया गया, जो जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करनेवाले हैं।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरित हैं। याद हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण के लिए जनांदोलन चलाने का आह्वान किया था। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह किया कि वह अपने स्तर पर वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रयास करे। प्रधानमंत्री मोदी की पहलकदमी पर भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत कैच द रेन अभियान को शुरू किया है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। यह अभियान व्यक्तियों, समुदायों और सभी हितधारकों को वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाने तथा जल संरक्षण की पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इसी तर्ज पर जल गंगा संवर्धन अभियान को जनता के बीच ले जाने का अनुकरणीय कार्य किया है। यह भी स्मरण रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव, दोनों ही प्रकृति, पर्यावरण एवं समाज के प्रति गहरी संवेदनाएं रखते हैं। राजनीति से इतर वे इन सब विषयों पर बात रखते हैं और लोगों को इस दिशा में प्रेरित भी करते हैं। उल्लेखनीय है कि अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 120वें संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण को देश के लिए अत्यंत आवश्यक बताया था। उन्होंने जल संचय जन-भागीदारी अभियान के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि ह्लजो प्राकृतिक संसाधन हमें मिले हैं, उसे हमें अगली पीढ़ी तक सही सलामत पहुँचाना हैह्व। कहना होगा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान ने प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अकसर सरकारी अभियान विज्ञापनों एवं कागजों में दम तोड़ देते हैं या फिर उनकी सफलता सोशल मीडिया तक सीमित रह जाती है। यह आंदोलन अपने वांछित लक्ष्य से आगे निकल रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। उनका मानना है कि जल ही हमारे जीवन के अस्तित्व का आधार है, इसलिए इसकी एक-एक बूंद बचाना अनिवार्य है। उनकी गहरी प्रतिबद्धता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने इस अभियान की देखरेख की जिम्मेदारी सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों को सौंपी है। लोग बड़ी संख्या में श्रमदान कर पानी को बचाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। जिला प्रशासन विशेष रूप से नदियों के किनारे देशी प्रजातियों के पौधे रोप रहा है। इससे जमीन के नीचे जल-स्तर बढ़ रहा है और मिट्टी को नुकसान से बचाया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य कर दिया गया है। स्कूल और कॉलेजों में जल-संरक्षण पर जन-जागरण अभियान, रैलियां, निबंध प्रतियोगिताएं, जल संवाद और जल प्रहरी जैसी गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल मॉनिटरिंग और मूल्यांकन प्रणाली की व्यवस्था की गई है, जिसमें सभी गतिविधियों की जीआईएस ट्रैकिंग और इंपैक्ट वैल्यूएशन किया जा रहा है। सरकार ड्रोन से सर्वेक्षण, वैज्ञानिक तरीके से जलग्रहण क्षेत्र की मैपिंग और भू-जल पुनर्भरण तकनीकों का उपयोग कर रही है। इन सब प्रबंधों से स्पष्ट तौर पर प्रतीत होता है कि प्रदेश सरकार का यह अभियान मुख्यमंत्री के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में से एक है। इस अभियान का उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतर देखरेख और संरक्षण सुनिश्चित करना भी है। सरकार ने इन स्त्रोतों की सफाई, सीमांकन और पुनर्जीवन के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया है। लोग बड़ी संख्या में श्रमदान कर जल संरक्षण में सहयोग कर रहे हैं।

इस अभियान के दूरगामी परिणाम अपेक्षित हैं। बारिश के मौसम में इसके और अधिक प्रभावी परिणाम दिखेंगे, जिससे भूजल स्तर में सुधार होगा, हरियाली बढ़ेगी और मिट्टी में नमी आएगी। इससे पूरे प्रदेश में जल संकट को दूर करने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा, इस अभियान ने समाज की मनोवृत्ति पर भी सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे जल संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह अभियान निश्चित रूप से मध्यप्रदेश को जल-समृद्ध राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# ब्रिक्स में दिखा भारत का कूटनीतिक पराक्रम, मोदी की ब्राजील यात्रा ने सफलता के नए कीर्तिमान रचे

**-नीरज कुमार दुबे**

**मोदी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं, विशेषकर दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में चीन की एकाधिकारवादी रणनीति की ओर इशारा करते हुए यह स्पष्ट किया कि कोई भी देश इन संसाधनों को "हथियार" के रूप में इस्तेमाल न करे। यह बयान ना सिर्फ भारत की रणनीतिक चिंता को दशार्ता है, बल्कि मोदी के संतुलित, लेकिन दृढ़ वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक भी है**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की हालिया ब्राजील यात्रा सिर्फ एक कूटनीतिक यात्रा भर नहीं थी, बल्कि यह भारत के वैश्विक कद और मोदी की नेतृत्व क्षमता की ताकत का स्पष्ट प्रमाण भी बनी। ब्राजील के रियो डी जेनेरो में हुई 17वीं ब्रिक्स शिखर बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह वैश्विक राजनीति, भू-आर्थिक चुनौतियों और बहुपक्षीय सहयोग को लेकर भारत का पक्ष रखा, उसने न केवल भारत की छवि को मजबूत किया, बल्कि यह भी साबित किया कि एक दूरदर्शी नेतृत्व किस तरह जटिल वैश्विक माहौल में राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर सकता है।

मोदी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं, विशेषकर दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में चीन की एकाधिकारवादी रणनीति की ओर इशारा करते हुए यह स्पष्ट किया कि कोई भी देश इन संसाधनों को "हथियार" के रूप में इस्तेमाल न करे। यह बयान ना सिर्फ भारत की रणनीतिक चिंता को दशार्ता है, बल्कि मोदी के संतुलित, लेकिन दृढ़ वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक भी है। रूस और चीन जैसे देशों की मौजूदगी में भी मोदी ने न तो पश्चिमी ताकतों की आलोचना की और न ही अंध समर्थन दिया। इसके बजाय उन्होंने Global South के अधिकारों, विकास के अवसरों और समावेशी वैश्वीकरण की जरूरत पर जोर दिया। उनका यह रुख ब्रिक्स को एकतरफा मंच बनने से रोकता है और भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को उजागर करता है। प्रधानमंत्री के संबोधनों से यह भी स्पष्ट हुआ कि नरेंद्र मोदी केवल घरेलू राजनीति के माहिर नहीं, बल्कि वे अंतरराष्ट्रीय राजनीति की बारीक समझ रखने वाले नेता भी हैं। देखा जाये तो वह भारत को वैश्विक शक्ति-संतुलन में एक निर्णायक खिलाड़ी के रूप में प्रस्तुत करने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत-ब्राजील के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और सामरिक साझेदारी को मजबूत करने वाली भी साबित हुई। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, ऊर्जा, कृषि, अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी 2.0 की ओर बढ़ने की प्रतिबद्धता जताई है।

हम आपको बता दें कि भारत और ब्राजील ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। खासतौर पर कृषि उत्पाद, औषधीय उद्योग, टेक्सटाइल, और आईटी सेवाओं में सहयोग के नए द्वार खुले हैं। इससे भारतीय MSMEs और निर्यातकों को नए बाजार मिलेंगे। इसके अलावा, ब्राजील जैव ईंधन और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी देश है। भारत के नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को देखते हुए दोनों देशों ने हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी साझेदारी को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। साथ ही ब्रिक्स, G20 और संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंचों पर भारत और ब्राजील ने विकासशील देशों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए समन्वय बढ़ाने पर सहमति जताई। ब्राजील ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की मजबूत वकालत की। इसके अलावा, ब्राजील के साथ मजबूत संबंध भारत को लैटिन अमेरिका में रणनीतिक पहुँच प्रदान करते हैं। यह महाद्वीप ऊर्जा, खनिज और कृषि संसाधनों से समृद्ध है और भारत के लिए एक नया आर्थिक और भू-राजनीतिक अवसर है। हम आपको यह भी बता दें कि ब्राजील, विश्व का सबसे बड़ा सोया उत्पादक और निर्यातक है। भारत की खाद्य सुरक्षा के लिए यह साझेदारी महत्त्वपूर्ण हो सकती है। साथ ही, ब्राजील के पास प्रचुर मात्रा में कच्चा तेल, इथेनॉल और जलविद्युत क्षमता है जो भारत की ऊर्जा रणनीति में योगदान कर सकती है।

इसके अलावा, अंतरिक्ष तकनीक, रक्षा उत्पादन और एयरोनॉटिक्स के क्षेत्र में ब्राजील की विशेषज्ञता और भारत की विनिर्माण क्षमता मिलकर एक मजबूत टेक्नोलॉजिकल गठजोड़ बना सकते हैं। HAL और Embraer जैसे संस्थानों के बीच सहयोग की संभावनाएं प्रबल हैं। हम आपको यह भी बता दें कि भारत और ब्राजील दोनों जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर समान सोच रखते हैं। ग्लोबल साउथ के हिस्से के रूप में, दोनों मिलकर विकसित देशों से जलवायु फंड और तकनीकी हस्तांतरण के लिए सामूहिक दबाव बना सकते हैं।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा के बीच वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने आतंकवाद से निपटने पर भी विचार-विमर्श किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर स्पष्ट हैं कि आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। मोदी ने मीडिया को दिये अपने बयान में कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारी सोच एक जैसी है, यथा-आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और यह कि इसे लेकर दोहरा मानदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद और आतंकवाद का समर्थन करने वालों का कड़ा विरोध करते हैं।

मोदी ने कहा, हम चाहते हैं कि भारत-ब्राजील संबंध कार्निवल (रंगारंग जुलूस) की तरह रंगीन हों, फुटबॉल की तरह जोशीले हों, और सांबा (नृत्य) की तरह दिलों को जोड़ने वाले हों और वीजा काउंटर पर लंबी कतारें न हों। इस भावना के साथ। उन्होंने कहा, हम दोनों देशों के लोगों, खासकर पर्यटकों, छात्रों, खिलाड़ियों और व्यापारियों के बीच आपसी संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रयास करेंगे।" विभिन्न भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-ब्राजील साझेदारी स्थिरता और संतुलन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और दोनों पक्ष इस बात पर एकमत हैं कि सभी विवादों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए। हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस से सम्मानित किया गया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रमुख वैश्विक मंचों पर भारत-ब्राजील सहयोग बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया। मोदी ने लूला के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा, आज राष्ट्रपति द्वारा ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होना न केवल मेरे लिए, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए भी अत्यंत गर्व और भावना का क्षण है। हम आपको बता दें कि मई 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से किसी विदेशी सरकार द्वारा उन्हें दिया गया यह 26वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी का ब्रासीलिया के अल्वोराडा पैलेस में 114 घोड़ों की एक अनूठी परेड के साथ भव्य औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद, प्रधानमंत्री के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत "भारत माता की जय" के नारों से किया। मोदी ने वहां मौजूद लोगों के साथ बातचीत भी की। प्रधानमंत्री का स्वागत संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया।

बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी की ब्राजील यात्रा एक बार फिर यह सिद्ध करती है कि उनका नेतृत्व केवल भाषणों या आयोजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अंतरराष्ट्रीय रणनीति, साझेदारी और भारत के दीर्घकालिक हितों की ठोस पैरवी में भी प्रभावशाली है। आज जब विश्व एक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, तो ऐसे में भारत का नेतृत्व एक ऐसे व्यक्ति के हाथों में है जो न केवल अपने देश के लिए सोचता है, बल्कि दुनिया के भविष्य को भी दिशा देने की क्षमता रखता है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा सिर्फ एक औपचारिक राजनयिक दौरा नहीं थी, बल्कि यह Global South की आवाज को संगठित करने और भारत की एक जिम्मेदार, भरोसेमंद भागीदार के रूप में छवि को और मजबूती देने की दिशा में एक ठोस कदम थी।

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# मौत का फतवा, सिर लाने पर 20 करोड़ के इनाम के बाद अब ड्रोन अटैक की धमकी

(एजेन्सी)।
**ईरान** के आंखों की दो ही किरकिरी हैं। एक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तो दूसरे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू। अब इन दोनों ही नेताओं पर कभी ईरान के धर्मगुरुओं की तरफ से फतवे जारी किए जाते हैं तो कभी इनकी मौत पर इनाम की घोषणा की जाती है। अब ईरानी अधिकारी ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब अपने फ्लोरिडा स्थित आवास, मार-ए-लागो में सुरक्षित नहीं हैं, और संकेत दिया है कि धूप सेंकते समय भी उन्हें निशाना बनाया जा सकता है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के करीबी सलाहकार और एक प्रमुख राजनीतिक हस्ती जावेद लारीजानी ने एक टेलीविजन साक्षात्कार में कहा कि ट्रम्प के कार्यों ने उन्हें निशाने पर ला दिया है। लारीजानी ने कहा कि ट्रम्प ने कुछ ऐसा कर दिया है कि अब वे मार-ए-लागो में धूप सेंक नहीं सकते। जब वे वहाँ पेट के बल धूप में लेटे होंगे, तो कोई छोटा ड्रोन उनकी नाभि में जा सकता है। यह बहुत आसान है।

ईरान के कट्टरपंथी नेता ने ट्रंप की हत्या पर ईनाम रखा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के सिर पर 20 करोड़ रुपए के इनाम का ऐलान किया गया है।

ईरान के पश्चिम अजरबैजान प्रांत के एक प्रमुख धार्मिक नेता मंसूर इमामी ने एक सभा में कहा है कि जो कई भी ट्रंप का सिर लाएगा उसे हम 100 अरब डोमान देंगे। मंसूर इमामी इस्लामी प्राचर संगठन प्रांतिय निदेशक हैं और ये बयान उन्होंने अजरी भाषा में दिया है। वहीं एक ईरानी वेबसाइट पर पब्लिक फंड रेजिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें दावा किया जा रहा हैकि ट्रंप की हत्या के लिए 20 मिनियन डॉलर तक एकट्ठा हो चुका है। इससे पहले ईरान के दो शिया धर्मगुरुओं ने ट्रंप और नेतन्याहू के खिलाफ मौत का फतवा जारी किया था। ईरान के शीर्ष शिया धर्मगुरु ग्रैंड अयातुल्ला नासर मकारम शिराजी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ फतवा जारी करते हुए उन्हें अल्लाह का दुश्मन कहा है और दुनिया भर के मुसलमानों से कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

मकारम ने फतवे में कहा कि कोई भी व्यक्ति या शासन जो नेता या मरजा (भगवान न करे) को धमकी देता है, उसे सरदार या मोहरेब माना जाता है।

# इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की होगी वापसी!

(एजेन्सी)।
**भारत** और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच लॉर्ड्स में 10 जुलाई से खेला जाएगा। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शुरूआती दो मैचों में भारतीय टीम अलग-अलग टीमों के साथ मैदान में उतरी। वहीं इस बात तीसरे मैच में भी टीम में बदलाव होना कंफर्म है। टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को बर्मिंघम में दूसरे मैच में आराम दिया गया था। कमर की परेशानी को देखते हुए उन्हें तीन मैच खेलने की सलाह दी गई है। ऐसे में तीसरे टेस्ट मैच में वह वापसी के लिए तैयार हैं। वहीं दोनों मैचों में काफी महंगे साबित हुए प्रसिद्ध कृष्णा का पत्ता कट सकता है।

जसप्रीत बुमराह की जगह प्लेइंग 11 में शामिल हुए आकाशदीप ने दूसरे मैच में धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहली पारी में चार और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए। ऐसे में उन्होंने अपनी जगह पक्की कर ली है। भारत ने पहला मैच लीड्स में 5 विकेट से गंवाया था लेकिन दूसरे मैच में 336 रनों से जीत हासिल करके बेहतरीन वापसी की। भारतीय टीम ने पहली बार एजबेस्टन में टेस्ट जीत हासिल की। भारतीय कप्तान शुभमन गिल सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने दो टेस्ट में 146.25 के औसत से 585 रन बनाए हैं।

यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल बेहतरीन फॉर्म में हैं, जबकि करुण नायर अच्छी लय में नजर आए लेकिन अपनी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए। वह तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। चौथे नंबर पर कप्तान शुभमन गिल से बड़ी पारी की उम्मीद होगी जबकि उपकप्तान ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं। रविंद्र जडेजा छठे और सातवें नंबर पर वॉशिंगटन सुंदर हैं। नीतीश कुमार रेड्डी को एक और मैच में मोका मिल सकता है।

आकाशदीप और सिराज पर एक बार फिर विश्वास किया जा सकता है। दोनों ने दूसरे टेस्ट में बेहतरीन गेंदबाजी की। लॉर्ड्स टेस्टमें ये दोनों इंग्लैंड के लिए खतरा बन सकते हैं। भारतीय टीम एक बदलाव कर सकती है। जसप्रीत बुमराह की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को खेलने का मौका मिल सकता है। हालांकि कृष्णा ने अभी तक प्रभावित नहीं किया है। उनकी इकॉनमी सबसे खराब रही। दूसरे टेस्ट में उन्हें सिर्फ एक विकेट मिला लेकिन फिर वह महंगे साबित हुए।

# जमानत मिलने के बाद रेसलर सुशील कुमार रेलवे ड्यूटी पर लौटे

(एजेन्सी)।
**दो** बार के ओलंपिक मेडल विजेता रेसलर सुशील कुमार रेसलर सागर धनकर हत्या मामले में पिछले कई समय से न्यायिक हिरासत में थे।

हाल ही में उन्हें कोर्ट ने जमानत दी थी, जिसके बाद वह आधिकारिक तौर पर उत्तर रेलवे में अपनी ड्यूटी फिर से लौट आए हैं। सूत्रों ने आईएएनएस को इसकी पुष्टि की है। रेलवे सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि वर्तमान में उत्तर रेलवे में सीनियर कमर्शियल मैनेजर के पद पर नियुक्त सुशील कुमार फॉर्मल ड्रेस में नौकरी पर आए। अधिकारियों ने उनकी बहाली की पुष्टि करते हुए कहा कि ये प्रक्रिया सर्विस नियमों के अनुसार की गई।

सुशील कुमार साथी पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के सिलसिले में 2021 में न्यायिक हिरासत में थे। दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में मुकदमे की प्रक्रिया में लंबी देरी का हवाला देते हुए पहलवान को जमानत दी थी। हालांकि, अभी सुशील कुमार की कानूनी लड़ाई खत्म नहीं हुई है, इसमें जांच जारी है।

बता दें कि, 42 वर्षीय सुशील कुमार ने अपने खेल के दम पर पूरे भारत में अपनी खास पहचान बनाई, उन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक में रजत पदक और इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

**कॉमनवेल्थ गेम्स में सुशील कुमार के नाम 3 गोल्ड-**

2010- दिल्ली कॉमनवेल्थ गेम्स
2014- ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स
2018- गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स

# अब बिना आधार नहीं मिलेगा कौशल विकास योजना का फायदा

(एजेन्सी)।
**केंद्र** सरकार ने दिव्यांगजनों के कौशल विकास हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना के लाभार्थियों के लिए योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अपना आधार नंबर देना या आवेदन करने का प्रमाण देना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि आधार न होने या प्रमाणीकरण में विफलता के कारण किसी भी पात्र बच्चे को लाभ से वंचित नहीं किया जाएगा। एक राजपत्र अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा कि योजना के तहत नकद लाभ प्राप्त करने के लिए आधार प्रमाणीकरण आवश्यक है, जिसमें परिवहन भत्ता, भोजन और आवास, परिवहन और नियुक्ति के बाद सहायता शामिल है। इसे भी पढ़ें: तेजस्वी यादव की कृपा से पूर्णिया से जीते हैं, पप्पू यादव पर संजय जायसवाल का निशाना दिव्यांगजनों के कौशल विकास हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी-एसडीपी) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) द्वारा मार्च 2015 में शुरू की गई एक केंद्रीय योजना है। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के कौशल को निखारने के लिए उच्च-गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे वे सार्थक रोजगार प्राप्त कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। यह योजना व्यापक दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन हेतु योजना (एसआईपीडीए) का एक हिस्सा है।

अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी पात्र व्यक्ति के पास आधार संख्या नहीं है, तो उसे नामांकन के लिए आवेदन करना होगा। बच्चों के लिए, ऐसा आवेदन माता-पिता या कानूनी अभिभावक की सहमति से किया जाना चाहिए। जब तक आधार कार्ड नहीं बन जाता, लाभार्थी जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल रिकॉर्ड या कानूनी गोद लेने या संरक्षकता के कागजात सहित निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों का उपयोग करके अपनी पहचान स्थापित कर सकते हैं।

# आलिया भट्ट की पूर्व सेक्रेटरी 76 लाख की 'चोरी' के आरोप में गिरफ्तार

**(एजेन्सी)**। आलिया भट्ट आज इंडस्ट्री की शीर्ष अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनके प्रशंसकों की संख्या बहुत ज्यादा है और वह एक दशक से भी ज्यादा समय से लाखों लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। अभिनेत्री सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार सही वजहों से नहीं। ताजा खबरों के अनुसार, जुहू पुलिस ने अभिनेत्री की पूर्व निजी सहायक वेदिका प्रकाश शेट्टी को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर आलिया के प्रोडक्शन हाउस – इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड और यहाँ तक कि उनके खातों से भी पैसे की हेराफेरी करने का आरोप है। इस साल जनवरी में जुहू पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। वेदिका पिछले 5 महीनों से फरार थी, लेकिन उसे बेंगलुरु में गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत में पेश किया गया। उसे 10 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि यह गिरफ्तारी आलिया की माँ सोनी राजदान द्वारा वेदिका के खिलाफ धन की हेराफेरी की शिकायत दर्ज कराने के लगभग पाँच महीने बाद हुई है। सोनी राजदान की शिकायत पर कुछ महीने पहले एफआईआर दर्ज होने के बाद से, जाँच जारी है। घोटाले के पूरे दायरे का पता लगाने और यह पता लगाने के लिए कि क्या कोई और व्यक्ति इसमें शामिल था, अधिकारी वर्तमान में वित्तीय आंकड़ों की सावधानीपूर्वक जाँच कर रहे हैं। काम की बात करें तो, आलिया को आखिरी बार वसन बाला की 'जिग्रा' में देखा गया था, जो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अभिनेत्री अब रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ 'लव एंड वॉर' में दिखाई देंगी।

# बेगूसराय में बिहार बंद का दिखा असर

एसबी ब्यूरो

**बेगूसराय नगर।** बुधवार को बिहार बंद के दौरान बेगूसराय में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह सार्जन ने ट्रैफिक चौक यातायात पुलिस चौकी के निकट हाईवे पर अपने सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ घंटों जमे रहे।

बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ शहर के दुकानदारों मॉल के मैनेजर रिक्शा चालक ठेला चालक छोटे-छोटे फल विक्रेता ने सार्जन के अनुरोध को स्वीकारते हुए अपनी अपनी दुकानें बंद रखी।

मेन रोड, जिला परिषद मार्केट नगर पालिका बाजार, कचहरी रोड घूमते हुए सार्जन सिंह ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा केंद्र और राज्य सरकार बिहार चुनाव से ठीक पहले चुनाव आयोग पर दबाव बनाते हुए सघन मतदाता पुनरीक्षण करवा रही जो बिहार की जनता के लिए घातक है। यह घोषित एनआरसी है।

भाजपा जदयू के इस आत्मघाती रवैया का चुनाव आयोग द्वारा जब तक



वापसी की घोषणा नहीं की जाती है। कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता एक-एक सिपाही सड़क से सदन तक आंदोलन रत रहेंगे।

बेगूसराय पूर्णतः बंद रहा इसके लिए जनता को धन्यवाद देते हुए सार्जन ने कहा डबल इंजन की सरकार के हिटलरशाही रवैया से ऊब चुकी आम जनता आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की बिहार सरकार को धूल चटा देगी।

मौके पर रामविलास सिंह नारायण सिंह, सुबोध कुमार, मुकेश कुमार गुड्डू, रामचंद्र सिंह,राजीव कुमार, सुबोध प्रसाद सिंह, रणजीत कुमार मुखिया, लखन पासवान, ललन कुमार, अमोल कुमार, रामचंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, सुनील सिंह, संजय सम्राट, सुबोध प्रसाद सिंह, मुरलीधर मुरारी, सतीश कुमार वीरू, अधिवक्ता राममूर्ति सिंह, मिथिलेश सिंह, अनिल सिंह, आलोक कुमार जग्गा, कांग्रेस नेता अनुपम कुमार अनु, अंजनी सिंह, दीपक कश्यप, शांति देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा का 'कलम की ताकत पत्रकार महासंगठन' ने किया स्वागत

संजना भारती संवाददाता

**अलीगढ़।** अलीगढ़ कलम की ताकत पत्रकार महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर आरिफ अली खान एवं प्रदेश अध्यक्ष रजनी रावत के नेतृत्व में अलीगढ़ के नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा का फूल-मालाओं व शील्ड भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर आरिफ अली खान ने नगर आयुक्त की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि मीणा जहां भी रहे, वहां उन्होंने अपनी सक्रियता और जनसेवा भाव से लोगों के दिल में जगह बनाई है। अलीगढ़ में तैनाती के बाद से उन्होंने स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को गति देने के साथ ही शहर की आधारभूत समस्याओं के समाधान में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि नगर आयुक्त स्वयं फील्ड में जाकर निरीक्षण करते हैं। और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। आवास विकास प्राधिकरण क्षेत्र के पास व अवर लेडी ऑफ फातिमा स्कूल के बाहर अतिक्रमण व जाम की समस्या को सुलझाने के लिए




उन्होंने विशेष प्रयास किए। वहाँ वेंडिंग जोन व्यवस्था लागू कर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किया, जिससे नागरिकों को राहत मिली। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी प्राथमिकता शहरवासियों को सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्याओं को लेकर उन्होंने पंपिंग व्यवस्था को सक्रिय किया है। और जहाँ से भी नागरिकों की शिकायतें प्राप्त होती हैं, वहाँ शीघ्र समाधान के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता से फीडबैक के आधार पर भी वे कार्य करते हैं। और आगे भी इसी भावना से सेवा करते रहेंगे।

इस अवसर पर कलम की ताकत पत्रकार महासंगठन के पदाधिकारियों व पत्रकारों ने नगर आयुक्त की सराहना करते हुए उनका जोरदार स्वागत किया।मौके पर उपस्थित प्रमुख व्यक्तिः प्रदेश सचिव शकील कुरेशी अधिवक्ता संघ, मंडल अध्यक्ष लोकेश सिंगल, मंडल जिला उपाध्यक्ष गुलाब नबी, मंडल उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह आनंद, मंडल मीडिया प्रभारी भानु प्रकाश सैनी, मंडल मीडिया सचिव शकील अहमद, नगर उपाध्यक्ष आमिर, महिला विंग जिला अध्यक्ष मनीषा, महिला विंग संगठन जिला महामंत्री शबनम, महिला विंग कामिनी कपूर सचिव, मीडिया प्रभारी अकील अहमद, आमिर सिद्दीकी, वकील अहमद, संगठन सचिव फैसल खान, सचिन नवी शेर, सचिन रिजवान, रूप किशोर, कासिम चौधरी, शाहिद चौहान, सद्दाम, नवी शेर, वकील अहमद, नावेद आदि कई लोग मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न

एसबी संवाददाता

**अररिया।** भरगामा प्रखंड क्षेत्र के वीरनगर पूरब और हरिपुरकला पंचायतों में रिक्त पड़े पदों के लिए बुधवार को मतदाता शांतिपूर्ण रुप सम्पन्न हो गया। प्रखंड के विरनगर पूरब और हरिपुरकला पंचायतों में हो रहे उपचुनाव में 21 बूथों पर जिनमें विरनगर पूरब में मुखिया पद एवं पंचायत समिति सदस्य पद और हरिपुरकला पंचायत के वार्ड संख्या 13 में वार्ड सदस्य पद के लिये कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान कराया गया। सभी बूथों पर भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद थे। बीडीओ शशि भूषण सुमन ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के कुल दो पंचायतों में हुए उप चुनाव में कुल 6 हजार 577 मतदाताओं



ने मतदान में हिस्सा लिया। सभी जगहों पर मतदान के लिये ईबीएम का उपयोग हुआ।

बता दें कि मतदान को लेकर डीएम अनिल कुमार, एसपी अंजनी कुमार, बीडीओ शशि भूषण सुमन, बीसीओ जयशंकर झा, सीओ निरंजन कुमार मिश्र, एमओ रामकल्याण मंडल, थानाध्यक्ष राकेश कुमार, आरओ रविराज सिंह सहित अन्य पदाधिकारी सभी बूथों पर चुनाव का जायजा लेने दिन भर सक्रिय रहे।

# हरपाल सिंह चीमा के आश्वासन के बाद परिवहन विभाग की यूनियनों ने हड़ताल वापस ली

एसबी संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज राज्य के परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि वे आगामी 15 दिनों के भीतर विभाग की विभिन्न यूनियनों के साथ बैठक कर उनकी मांगों पर विचार करें और उनकी अध्यक्षता वाली कैबिनेट सब-कमेटी को एक ठोस रिपोर्ट सौंपें। इस निर्देश के बाद विभाग की हड़ताल पर गई यूनियनों ने अपनी हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। वित्त मंत्री ने ये निर्देश पंजाब भवन में यूनियनों के साथ लगभग दो घंटे चली बैठक के दौरान जारी किए। इस बैठक में परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, परिवहन सचिव वरुण रूजम, स्टेट ट्रांसपोर्ट डायरेक्टर-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर पनबस राजीव गुप्ता और पीआरटीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर बिक्रमजीत सिंह शेरगिल भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री को पंजाब रोडवेज पनबस/पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन (25/11) और पंजाब रोडवेज/पनबस स्टेट ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन (1/19) द्वारा विस्तृत रूप में अपनी मांगें और मुद्दे प्रस्तुत किए गए। यूनियन नेताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों और मांगों पर विचार करने के बाद वित्त मंत्री ने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि विभागीय स्तर के मुद्दों का शीघ्र समाधान किया जाए तथा यूनियनों के मुख्य मुद्दों को लेकर अगले 15 दिनों में यूनियन प्रतिनिधियों से बैठक की जाए और जायज मुद्दों के समाधान हेतु कैबिनेट सब-कमेटी को एक ठोस रिपोर्ट सौंपी जाए। वित्त मंत्री ने यूनियन नेताओं को भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार दशकों से लंबित कर्मचारियों के मुद्दों को हल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

# जनपद में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

संजना भारती संवाददाता

**बदायूं।** प्रदेश में 37 करोड़ वृक्षारोपण हेतु जनपद बदायूँ को 53,70,000 आवंटित वृक्षारोपण लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति हेतु बुधवार को मुख्य अतिथि व रविन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, उ०प्र०, लखनऊ एवं बी०एल० वर्मा मा० केन्द्रीय राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले, खाद और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में कुँवर रुकुम सिंह वैदिक इण्टर कालेज, नगला पूर्वी, जनपद बदायूँ के मैदान में वृक्षारोपण जन अभियान के कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

वृक्षारोपण जन जान्दोलन कार्यक्रम में सदर विधायक महेश बन्द्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, जिलाध्यक्ष भाजपा राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अशोक भारतीय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ० बृजेश कुमार सिंह, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग प्रदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण, विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राएं एन०सी०सी० कैडेट्स, नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य नमामि गंगे के सदस्य स्वयं सेवी संस्थाओं के सदस्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियो ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये प्रदीप कुमार वर्मा, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूँ द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथि डा० रविन्द्र प्रताप सिंह, अनका प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, जन,



लखनऊ एवं श्री बी०एल० वर्मा, माः कंन्द्रीय राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले, खाद और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं सहकारित्त मंत्रालय भारत सरकार, मा० विधायकगण गणमान्य व्यक्तियों, गैर सरकारी संगठन, स्कूल के छात्र/छात्राएँ एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए अवगत कराया गया कि शासन द्वारा जनपद को पौधारोपण हेतु 53.70 लाख पौधों का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसके सापेक्ष जनपद बदायूँ में समस्त कार्यदायी विभागों द्वारा 5370 लाख पौधों का रोपण किया जायेगा। प्रभागीय निदेशक, बदायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न प्रकार के वन जैसे अटल वन, एकता वन, ऑक्सी वन, शौर्य वन, गोपाल वन एवं त्रिवेणी वन स्थापित किये जा रहे है। बाल पौधरोपण भण्डारा में स्कूल के बच्चों को पौध वितरित की गयी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा० रविन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्ष प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड लखनऊ एवं बी०एल० वर्मा, मा० केन्द्रीय राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले, खाद और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदेश में हो रहे 37 करोड़ वृक्षारोपण जन आन्दोलन-2025 को सफल बनाने हेतु उपस्थित जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं, स्कूल के बच्चों एवं जन मानस से ज्यादा-से-ज्यादा पौधे लगाने की अपील की एवं उनकी देखभाल स्वयं करने को कहा गया। जिला प्रशासन को यह सुझाव दिया गया कि जनपद में जितने पौधों का रोपण किया जा रहा है, यह सुरक्षित रहे। बच्चों से आवाहन किया गया कि जो पौध आपके द्वारा रोपित किया जाये, उसकी देखभाल आप द्वारा इस प्रकार की जाये, जिस प्रकार आप अपनी देखभाल स्वयं करते हैं, ताकि आपके द्वारा रोपित पौधा वृक्ष के रूप मेंआपका भविष्य हो। उनके द्वारा एन०सी०सी० के छात्र-छात्राओं से भी आवाहन किया कि पौधरोपण में उनकी भी एक बहुत बढ़ी जिम्मेदारी है। उनके द्वारा सभी से आवाहन किया गया पौधे की देखभाल अपने भाई-बहन की तरह की जाये।

कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओं, एन०सी०सी० कैल्ट, स्वंयसेवी संस्थाओं को पौध भण्डारा के अन्तर्गत फलदार जैसे-आम, अनार, अमरूद, जामु- बेल, नीबू आदि के पौधे वितरित किये गये। प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूँ द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि गणमान्य व्यक्तियों एवं उपस्थित अधिकारीगणों को तुलसी/औषधीय पौधा देकर सम्मानित किया गया।

वृक्षारोपन जन आन्दोलन 2023 के अन्तर्गत डा० रविन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, उप्र, लखनऊ एवं बी०एल० वर्मा, मा० केन्द्रीय राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले, खाद और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हरीशंकरी के अन्तर्गत बरगद, पीपल एव पाकड के पौध का रोपण किया गया। वृक्षारोपण में उपस्थित जनप्रतिनिधि गणमान्य व्यक्तियों एवं उपस्थित अधिकारीगणों तथा आयुक्त, जी०एस०टी० उ०प्र०, लखनऊ/गोयल अधिकारी, जनपद- बदायूँ, द्वारा विभिन्न प्रजातियों पथा आम, नीम्‍ मौलश्री महोगनी, जामुन, अमरूद, सहजन आदि पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 1000 पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ-साथ बदायूँ जनपद के सहसवान, दातागंज, बदायूँ एवं बिसौली में भी वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# मतदाता जागरूकता के लिए गहन पुनरीक्षण जागरूकता रथ रवाना




संजना भारती संवाददाता

**अररिया।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में व्यापक जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ बुधवार को समाहरणालय परिसर से किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अनिल कुमार द्वारा छः जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये सभी रथ जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में नरपतगंज, रानीगंज, फारबिसगंज, अररिया, जोकीहाट सिकटी में भ्रमण कर आम मतदाताओं को जागरूक करेंगे। इन रथों के माध्यम से ऑडियो संदेश, पोस्टर, बैनर आदि के जरिए लोगों को यह जानकारी दी जाएगी कि किस प्रकार वे गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं तथा समय पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। रथ प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, पंचायतों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर जागरूकता संदेश देंगे।

# सिंदूर सनातन संस्कृति का गौरव भाल है: श्याम किशोर सहाय

एसबी ब्यूरो

**बीहट/बेगूसराय।** सर्वमंगला अध्यात्म योग विद्यापीठ सिद्धाश्रम सिमरिया धाम के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र में उद्घाटन करता प्रमोद कुमार झा ने अपने उद्घाटन भाषण में अपने उद्बोधन देते हुए कहा कि सिंधु सिंदूर सर्व सौभाग्य उत्तर है।यह आदिकाल से प्रसिद्धि प्राप्त है। यह पूर्णतः एवं वैज्ञानिकता से परिपूर्ण है। स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी रहा है। जैसे कुमकुम हमारे शरीर से नेगेटिव एनर्जी को बाहर कर पॉजिटिव एनर्जी अंदर डालता है। इसलिए आज सिंदूर की सर्व व्यापकता सफल हुआ है।

इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सच्चिदानंद पाठक अपने उद्बोधन में कहा कि सिंदूर कल अतीत है, यह सौभाग्य का सूर्योदय है, सनातन धर्म की तरफ यह भी सनातन है। भारतीय परंपरा में यह सौभाग्यवती नारी का प्रमाण पत्र भी है।



समारोह के मुख्य वक्ता लोकसभा टीवी के संपादक श्याम किशोर सहाय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सिंदूर सनातन संस्कृति का गौरव भाल है। जिस सनातन को मानव सभ्यता की सबसे बड़ा जीवन वैज्ञानिक पद्धति मानते हैं सिंदूर उसका उत्कृष्ट प्रतीक है। समारोह के सम्मानित अतिथि स्वामी गंगानन्द जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय सनातनी संस्कृति में सिंदूर शौर्य का प्रतीक है।

सिंदूर शक्ति का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति का स्वरूप है, इसका भारतीय संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने में अमूल्य योगदान है। उक्त मौके पर प्रोफेसर अवधेश झा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार में सिंदूर वर्ण गणेश गणतंत्र के देवता है। गणेश तत्व और हनुमान तत्व को जीवन में उतरने पर शुभ लाभ रिद्धि-सिद्धि सिद्धि विघ्न विनाशक और बल पौरस्य और मंगलकामना की पूर्ति हो जाती है। इससे पूर्व समारोह में दीप प्रज्वलित कर आगत अतिथियों के द्वारा समारोह का शुभ उद्घाटन किया गया और सर्वमंगला परिवार के द्वारा सभी आगत अतिथियों का मिथिला परंपरा के अनुसार अंग वस्त्र,पाग और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यापीठ के सचिव दिनेश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर संस्थान के सचिव सुधीर चौधरी, निदेशक डॉ.विजय झा, प्रो प्रेम, मीडिया प्रभारी नीलमणि, वरिष्ठ सदस्य विनय कुमार झा, अमरेंद्र, नीपेंद्र सिंह,सदानंद झा, रामप्रीत, राजेश, बबलू,योगीराज अरुण मालपुरी, राजेश झा, दिनेश झा, रमेश झा, आचार्य नारायण झा, श्याम झा, राम झा, लक्ष्मण झा, सिद्धाश्रम के व्यवस्थापक रविंद्र ब्रह्मचारी, तरुण कुमार, मनीष कुमार, रजनीश कुमार, सीबू झा, अनुपम झा, अरविंद चौधरी सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

# बच्चों को पिलाई गई विटामिन ए की खुराक

एसबी ब्यूरो प्रमुख/इंतजार हुसैन

**बदायूं।** बाल स्वास्थ्य पोषण माह कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय बदायूँ द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया गया।

कार्यक्रम में बताया गया बच्चों को विटामिन ए की 09 खुराके दी जाती है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाती है, रतौंधी व अन्य नेत्र रोगों से बचाव एवं उपचार, कुपोषण से बचाव साथ ही साथ बच्चे का सम्पूर्ण टीकाकरण जानलेवा बीमारियों से बचाता है जैसे टीबी, पोलियो, हिपेटाइटिस बी, डायरिया, डिपथीरिया, काली खांसी, टिटनेस, निमोनिया, मीजिल्स आदि।

इस अवसर पर डॉ0 श्रीमोहन झा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 असलम जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डॉ0 राजवीर सिंह उप मुख्य चिकित्सा



अधिकारी, सुधा देवी जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, जिला समन्वयक यूनीसेफ, अरविंद क्वालिटी मैनेजर, आदि उपस्थित रहे।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डर्फ मीटिंग में शोधार्थियों को किया गया सम्मानित



संजना भारती संवाददाता

**टोंक।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), टोंक में (डर्फ) सलाहकार मण्डल एवं कार्यकारणी की सत्रांरम्भ बैठक हुई। जिसमें राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर के निर्देशानुसार जिलें में शैक्षिक उन्नयन हेतु पूर्व सत्र में किये गये शोध प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उनका सम्मान किया गया। साथ ही आगामी सत्र में महत्वपूर्ण विषयों पर शोध विषयों का चयन करने एवं निष्कर्षों का शैक्षिक उपयोग के लिए प्रसार किये जाने को लेकर जिला शिक्षा अनुसंधान हुई। आईएफआईसी प्रभागाध्यक्ष रवि प्रकाश विजय ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व भी मनाया गया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी चौथमल चौधरी के हाथों सभी शोधार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान देवेन्द्र जोशी, विनोद कुमार जैन, बद्री लाल गुर्जर, डॉ. थानेश्वर शर्मा, हंसराज तंवर, ललित कुमार शर्मा, श्याम बिहारी गौत्तम, विष्णु दत्त दाधीच, सत्य नारायण गोयल, टीकाराम राजवंशी, विष्णु दत्त दाधीच, दिनकर विजयवर्गीय, अनिल कुमार नागर, रेखा कोठ्यारी, राधेश्याम गुर्जर, डॉ. विमलेश शर्मा, महेश नारायण शर्मा, आशीष गुप्ता, संदीप कुमार जैन, गिरिराज प्रसाद शर्मा, ललिता पारीक, योग्यता इसरानी आदि शोधार्थियों ने अपने अपने शोध पर विचार व्यक्त किए।

# मानवता को बेहतर बनाने के लिए प्रतिदिन सिमरिया में किया जाता है यज्ञ

एसबी ब्यूरो

**बीहट/बेगूसराय।** परमहंस स्वामी चिदात्मन जी महाराज की देखरेख में प्रतिदिन सुबह को सभी साधू संतो की टोलियों के साथ वातावरण को शुद्ध करने, मानवता का उद्धार करने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए किया जाता है यज्ञ। पूजनीय महराज जी का कहना है कि यह यज्ञ हमारे जीवन में प्रतिदिन एक नई दिशा प्रदान करता हैं। यज्ञ करने से हमारे शरीर को सभी दु:खो से छुटकारा मिलता है, हमारे संस्कृति में कहा गया था कि यज्ञ



ही हमें भगवान से साक्षात्कार दर्शन करवाते हैं। उक्त मौके पर मिडिया प्रभारी निलमणी, प्रो.अवधेश कुमार झा, श्याम किशोर झा,राम झा, लक्ष्मण झा,आदि मौजूद थे।

## आवश्यक सूचना

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

**संपर्क करें: दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली**

**वाटसेप नम्बर: 9871221635**

# सी.एम.आर. डिलीवरी में डिफाल्ट के लिए वन टाईम सैटलमेंट योजना पर किया जा रहा कामः राज्य मंत्री राजेश नागर

## ■ राज्य मंत्री ने राईस मिलर्स एसोसिएशन के साथ की बैठक, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

**एसबी संवाददाता**

**चण्डीगढ़।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि गतवर्षों में जिन राईस मिलर्स द्वारा सी.एम.आर. डिलीवरी में डिफॉल्ट किया था तथा उन राईस मिलर्स की ओर राज्य सरकार की राशि बकाया है उनके लिए वन टाईम सेटलमेंट (एक मुश्त निपटान) योजना पर काम किया जा रहा है। राजेश नागर राईस मिलर्स एसोसिएशन के साथ इस विषय पर हुई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि जिन राईस मिलर्स द्वारा, विभाग की तय अंतिम तिथि तक भारतीय खाद्य निगम को सी.एम.आर. डिलीवरी पूर्ण कर दी गई थी, उन्हें विभाग द्वारा बोनस जारी कर दिया गया है। मुद्रण एवं स्टेशनरी राज्य मंत्री श्री राजेश नागर ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में उपयोग होने वाले फोटोस्टेट पेपर को मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग द्वारा दिया जाएगा। इससे न केवल सरकार के खर्चे में



कमी आएगी बल्कि समय की बचत भी होगी। इसके अलावा, विभागों के कार्यों में पारदर्शिता भी आएगी। उन्होंने मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में जहां भी विभाग की जमीन है उसको चिन्हित कर एक योजना तैयार की जाए। ताकि चिन्हित जमीन को उपयोग में लाया जा सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि मुद्रण के लिए नई तकनीक की मशीनों का प्रयोग किया जाए।

# कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर किया रोष प्रदर्शन




**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते कर्मचारियों ने बिजली बोर्ड कार्यालय के प्रांगण में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन की जिला प्रधान रुपा राणा, सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान कपिल शर्मा, सतबीर सिंधड, कर्मबीर दूहन व शीला देवी ने की। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर रोष प्रदर्शन किया।

कर्मचारी नेता रमेश शर्मा चोचड़ा ने कहा कि कर्मचारियों की मांग है कि पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया जाए, सरकारी विभागों में खाली पड़े रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती, कच्चे कर्मचारियों को पक्का व ठेका प्रथा को बंद किया जाए। मजदूर कर्मचारी विरोधी लेबर कोड रद्द किया जाए और न्यूनतम वेतन 26 हजार लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार मजदूर, कर्मचारी व किसान के खिलाफ नीतियां व कानून बना रही है। रुपा राणा ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों की ओर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक उनकी मांगे नही मान लेती तब तक सरकार के खिलाफ उनका विरोध इसी तरह जारी रहेगा।

इस अवसर पर नरेंद्र पहल, महेंद्र सिंह, सुरेश जांगड़ा, कामरेड शीशपाल, विजय शर्मा, कुलदीप राणा, कर्मबीर शर्मा, नेत्रपाल राणा, पंकज बैनिवाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# एमएम पब्लिक स्कूल में बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**संजना भारती संवाददाता**

**असंध।** करनाल रोड स्थित एम.एम. पब्लिक स्कूल में अंतर सदन बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसकी शुरूआत विद्यालय की कोऑर्डिनेटर माला जूड व हेमा रानी द्वारा टॉस करवा कर करवाई गई।

इस प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर छात्र छात्राओं के सिंगल और डबल मुकाबले हुए। जिसमें जूनियर छात्र सिंगल में कबीर सदन के सचित ने प्रथम एवं टैगोर सदन के अंश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर छात्राओं में विवेकानंद सदन की सोनम ने प्रथम एवं टैगोर सदन की जागृति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सीनियर छात्रों की डबल प्रतियोगिता में विवेकानंद सदन के रितिक व लक्ष्य ने प्रथम एवं टैगोर सदन के हर्षित व केशव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर छात्राओं की डबल प्रतियोगिता में कबीर सदन गीतिका व यशीता ने प्रथम एवं खुशी ओर जश्नप्रीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को कॉर्डिनेटर माला जूड व हेमा रानी ने ट्रॉफी देकर व मैडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान सभी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का भरसक प्रयास किया।विद्यालय निर्देशक आर.वी भारद्वाज ने बताया कि खेल हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

खेलों से हमें अनुशासन की सीख मिलती है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस प्रतियोगिता में खेल विभाग की तरफ से से रिंकेश कुमार, तनुज कौशिक व सुरेश कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई। ममता कौशिक व गोविंद चौहान का विशेष सहयोग रहा।

# कुरुक्षेत्र में 23 जुलाई से लेकर 27 जुलाई तक आयोजित होगा अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विकास विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने कहा कि कुरुक्षेत्र गीता स्थली की पावन धरा पर 23 जुलाई से 27 जुलाई तक अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 900 युवाओं को आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 23 जुलाई को अंतर्राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का सुबह 11 बजे उद्घाटन होगा और इस दौरान विभिन्न प्रदेशों से आए युवाओं के द्वारा मार्च पास्ट निकाला जाएगा। इसी दिन 3 बजे से लेकर 4:30 बजे तक विषय विशेषज्ञ युवाओं के साथ सीधा संवाद करेंगे और 5:30 बजे से लेकर 8:30 विभिन्न प्रदेशों से आए युवा अपने-अपने प्रदेश के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि 24 जुलाई को सुबह 6 बजे से लेकर 7 बजे तक योगा सैशन होगा, 10 बजे से लेकर 11:30 बजे तक पर्यावरण और 11:30 बजे से लेकर 1 बजे तक पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों पर मंथन किया जाएगा। इसके उपरांत 3 बजे से लेकर 4:30 बजे तक विभिन्न प्रदेश अपने-अपने प्रदेशों के प्रमुख गतिविधियों और पर्यटन स्थलों की पीपीटी प्रस्तुत करेंगे तथा सायं के समय 5:30 बजे से लेकर 8:30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

प्रधान सचिव ने कहा कि 25 जुलाई को सुबह के समय योगा और स्किल डेवलपमेंट पर चर्चा की जाएगी और सायं 3 बजे से लेकर 8 बजे तक समापन समारोह का आयोजन होगा, 26 जुलाई को विभिन्न प्रदेशों से आए विद्यार्थी कुरुक्षेत्र के पर्यटन और तीर्थ स्थलों का भ्रमण करेंगे तथा 27 जुलाई को सभी युवा अपने-अपने प्रदेश को हरियाणा और कुरुक्षेत्र की यादों के साथ वापिस लौटेंगे।

# व्यापार मंडल ने डीएसपी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** व्यापार मंडल के प्रधान सुशील गर्ग के नेतृत्व में व्यापारियों व गणमान्य लोगों रमेश बतरा, डॉ. देवराज सिंगला, राजेंद्र सिंधवानी व प्रवीण गुलाटी ने नवनियुक्त डीएसपी गोरखपाल राणा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। व्यापार मंडल के प्रधान सुशील गर्ग ने कहा कि पुलिस प्रशासन को जब-जब जरूरत पड़ी है तो व्यापार मंडल ने प्रशासन का पूरा सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल के सदस्य पुलिस प्रशासन के सहयोग में हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर डीएसपी गोरख पाल राणा ने जनता से कानून व्यवस्था को बनाए रखने व नशा मुक्ति अभियान में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझे। इस अवसर पर पार्षद जगदीश गुप्ता, पदम गुप्ता, सुभाष सिंगला, आलमजीत, राघव राणा उपस्थित रहे।


# स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन, स्वास्थ्य योजनाओं में तय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए गंभीरता से काम करें कर्मीः डीसी प्रीति

## ■ लिंगानुपात में सुधार के लिए फील्ड वर्कर्स का आपसी तालमेल जरूरी

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। आमजन के स्वास्थ्य के लिए सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए फील्ड स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आपसी तालमेल से काम करें। सूचनाएं साझा करें, तभी परिणाम आएगा। लिंगानुपात में सुधार के लिए तथ्यों का विश्लेषण कर योजना बनाकर आगे बढ़ें।

अवैध अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, लिंग जांच के लिए सूचनाएं मिलने पर सख्त कार्रवाई हो, गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करें। विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का आपसी तालमेल इन योजनाओं की सफलता के लिए बहुत जरूरी है। सभी एसएमओ अपने-अपने क्षेत्र में संबंधित एसडीएम की अगुवाई में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत या नगर पालिका प्रतिनिधियों, शिक्षकों व जमीनी स्तर पर



सभी सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ नियमित बैठकें करें। कहीं किसी योजना के क्रियान्वयन में परेशानी है तो उसका कारण जानें। जिलास्तर पर सहयोग की आवश्यकता है तो उन्हें बताएं। तभी जाकर योजनाओं में तय लक्ष्य हासिल होंगे।

जिला के लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए और अधिक मेहनत करें। अपने क्षेत्र की आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर व अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं लेने वाले लोगों की काउंसलिंग की जाए। उन्हें जागरूक किया जाए कि बेटा-बेटी में कोई अंतर नहीं है। किसी के बहकावे में आकर लिंग जांच या बिना चिकित्सीय कारणों के गर्भपात जैसी गतिविधियों में शामिल होकर अपने जीवन को खतरे में न डालें।

डीसी प्रीति लघु सचिवालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर संबोधित कर रही थी। डीसी ने कहा कि जिन गांवों में लिंगानुपात ज्यादा खराब है, उन गांवों के डाटा का गहनता से विश्लेषण किया जाए और पता लगाया जाए कि इस क्षेत्र में बेटियों की बजाए बेटों की संख्या ज्यादा क्यों है। यदि डाटा में कुछ संदेह लगता है तो उसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि पुलिस को उस क्षेत्र में सक्रिय किया जा सके। जागरूकता के साथ-साथ चैकिंग भी बहुत जरूरी है, ताकि बेटियों को बचाया जा सके। संबंधित एसएमओ, एमओ अपने-अपने क्षेत्र की आशा वर्करों के साथ संपर्क में रहें और उनके साथ समय-समय पर बैठके आयोजित करें। सभी आशाओं को निर्देश दें कि वे अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें और गर्भवती महिलाओं कोप्रथम चरण में ही ट्रैक किया जाए। उन्होंने पीएचसी अनुसार लिंगानुपात के डाटा का विश्लेषण कर संबंधित एसएमओ से जवाब तलब किया।

इसके अलावा उन्होंने टीबी को लेकर भी समीक्षा बैठक की गई, जिसमें उन्होंने कहा कि सभी एमओ अपने स्तर पर अच्छे प्रयास करें, ताकि टीबी मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। यह भी सुनिश्चित करें कि इन मरीजों को समय पर दवाई और सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का लाभ भी पहुंचें। जिला में इस समय 1017 टीबी मरीज हैं। उन्होंने अधिकारियों व आमजन से अपील की कि वे निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों को गोद लें और पोषण किट प्रदान करने का सहयोग करें। इसके अलावा उन्होंने निरोगी योजना, आयुष्मान योजना, टीकाकरण, मलेरिया, डेंगू सहित अन्य विषयों के संदर्भ में भी समीक्षा की।

इस मौके पर सीएमओ रेणू चावला, डॉ. नीरज मंगला, डॉ. सचिन मांडले, डॉ. नवराज, डॉ. बातिश, डॉ. राजीव मित्तल के अलावा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बलबीर सिंह कश्यप को ब्लॉक राजौंद का खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** बलबीर सिंह कश्यप को ब्लॉक राजौंद का खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में अतिरिक्त कार्यभार सोपा गया है। वे पूर्व समय में राजौंद में बीआरसी कम ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

पिछले दिनों उनका प्रमोशन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के रूप में गुहला हो गया था। राजौद में खंड शिक्षा अधिकारी का पद लंबे समय से खाली पड़ा हुआ था। शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार अब उनको खंड शिक्षा अधिकारी राजौंद के रूप में अतिरिक्त कार्यभार सोपा गया है। उनके पद ग्रहण कर लेने के उपरांत खंड राजौंद में शिक्षा विभाग के लंबित विभिन्न कामों में गति आने की संभावना है।



बलबीर सिंह कश्यप अतिरिक्त खंड शिक्षा अधिकारी राजोंद।

बलबीर सिंह कश्यप पूर्व सैनिक है। वे बहुत ही कर्मठ, इमानदार, लग्नशील, स्नेही, कार्य के जानकारी, जिम्मेदार, देशभक्त, सामाजिक प्रवृत्ति के धनी, सहयोगी अधिकारी के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। राजौंद खंड शिक्षा विभाग का अतिरिक्त कार्यभार मिलने पर विभाग व स्कूल के ऑफिशियल कार्य जल्दी से निपटेंगे जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार होगा।

# खंड राजौंद के सरकारी स्कूल के दिव्यांग विद्यार्थियों का किया गया मेडिकल चैकअप

**संजना भारती संवाददाता**

**कैथल।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में जिला कैथल में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए छह दिवसीय मेडिकल शिविर के तीसरे दिन दिव्यांग बच्चों का मेडिकल चेकअप किया गया। इस विषय में जानकारी देते हुए जिला सह संयोजक श्याम लाल आर्य ने बताया कि राजौंद खंड के दिव्यांग बच्चों के लिए वीरवार को मेडिकल शिविर लगाया गया। इसमें 62 दिव्यांग बच्चों का निरीक्षण किया गया। जिसमें बौद्धिक अक्षमता के 44, दृष्टि बाधिता के तीन श्रवण दोष के दो तथा अस्थि बाधिता के 13 बच्चों ने अपना चैकअप करवाया। इसमें एक बच्चे की सर्जरी पीजीआई के लिए रिकमंड की गई। बच्चों को मौके पर ही सभी मेडिकल व्यवस्था मुहैया करवाई गई।

इस कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम जिला कैथल के सभी खंडों के दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित किया जा रहा



है। प्रत्येक दिन एक खंड के लिए निश्चित किया गया है। दस जुलाई को कलायत, 11 जुलाई को पुण्डरी तथा 12 जुलाई को कैथल खंड में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मौके पर ही मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ-साथ एल्मिको की ओर से सहायक उपकरण, समाज कल्याण विभाग की ओर से बस पास एवं रेलवे पास आदि सुविधाओं की समस्त औपचारिकता पूरी करवाई जाती है। दिव्यांग बच्चों की जांच करने हेतु डॉ राजीव मित्तल, डॉ हिमांशु बंसल, डॉ कविता गोयल, डॉ अनिल अग्रवाल, सुनील कुमार आदि टीम का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर जिला परियोजना संयोजक कार्यालय से कुशल कुमार एपीसी, श्यामलाल आर्य, विनोद आर्य, कुलदीप सिंह, अंकुर सिंगला, राजेश कुमार, मनजोत कौर, इंद्रजीत, कर्मवीर शर्मा, रजनी शर्मा, आशुतोष, राजबीर कौर, ईश्वर, नीतू बनवाला, सुमनप्रीत कौर, अनीता ढिल्लो, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जिले भर में आयोजित गणित कार्यशालाओं का समापन, राजौंद में अंतिम कार्यशाला आयोजित

## ■ कार्यशाला का संचालन जिला गणित विशेषज्ञ छत्रपाल सिंह, डॉ. मिकेंद्र व बीआरपी संदीप पाठक ने किया

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद/कैथल।** शहीद सियाराम संस्कृत मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजौंद में जिले की अंतिम ब्लॉक स्तरीय गणित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राजौंद खंड के 34 गणित शिक्षकों (पीजीटी-21, टीजीटी-13) ने भाग लिया। इस कार्यशाला का संचालन जिला गणित विशेषज्ञ छत्रपाल सिंह, डॉ. मिकेंद्र, एवं बीआरपी संदीप पाठक द्वारा किया गया। इससे पूर्व कैथल जिले के अन्य खंडों में भी कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है। बताया गया कि पूंडरी (2 जुलाई 2025)-टीजीटीः 32, पीजीटीः 30, कुलः 62 शिक्षक, खंड कैथल 3 जुलाई, पीजीटी 56, टीजीटीः 32, कुलः 88 शिक्षक, खंड गुहला में 7 जुलाई पीजीटी 20, टीजीटी 14, कुलः 34 शिक्षक, खंड सिवान 8 जुलाई पीजीटी 17, टीजीटी 20, कुलः 37 शिक्षक, खंड कलायत पीजीटी 33, टीजीटी 10, कुलः 43 शिक्षक मौजूद







रहे।इन सभी कार्यशालाओं में कुल 298 गणित शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। आयोजको ने बताया कि कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड हेतु प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान, गणितीय गतिविधियों का प्रोत्साहन, तथा प्रत्येक विद्यालय में गणित ज्ञान क्लब की सक्रिय स्थापना रहा।

आयोजको ने कार्यशाला में शिक्षकों को विभिन्न बिंदुओं पर मार्गदर्शन एवं प्रेरणा दी जैसेः पजल कॉर्नर की स्थापना और पजल बुकलेट तैयार करना। गणित किट (प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं सीनियर सेकेंडरी) का पूरा प्रायोगिक प्रशिक्षण। टीजीटी/पीजीटी गणित शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्लस्टर के प्राइमरी स्कूलों में भी किट की ट्रेनिंग देना सुनिश्चित करें। पजल नोडल अधिकारी प्रत्येक विद्यालय में बनाए जाएं और प्रत्येक सप्ताह विषयानुसार पजल क्रियान्वयन किया जाए। 26 जनवरी और 15 अगस्त को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाए। प्रत्येक विद्यालय में गणित ज्ञान क्लब रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाया जाए जिसमें हर दो सप्ताह में एक एक्टिविटी रिपोर्ट सहित दर्ज हो। गणित क्विज प्रतियोगिताएं सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएं। सुपर 30 प्रोजेक्ट के तहत हर खंड से 30 छात्रों का चयन कर उन्हें हरियाणा मैथ ओलंपियाड और फिर इंटरनेशनल ओलंपियाड के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट का संचालन अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवां की अध्यक्षता में किया जाएगा। प्रत्येक शिक्षक को कम से कम 5 विद्यार्थियों को ओलंपियाड हेतु प्रेरित करना अनिवार्य किया गया। कार्यशाला में विशेष रूप से यह भी निवेदन किया गया कि 1 जुलाई 2025 से इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, अतः सभी विद्यालय समय रहते आवेदन सुनिश्चित करें।

छत्रपाल सिंह, जिला गणित विशेषज्ञ द्वारा पजल बुकलेट विद्यार्थियों को वितरित करने के लिए अध्यापकों को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही भविष्य में विद्यार्थियों से तैयार करवाए गए प्रश्नों को संकलित कर विद्यालय स्तर पर स्वनिर्मित पजल बुकलेट तैयार करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी गणित शिक्षकों को रिसर्च पेपर लेखन के लिए प्रेरित किया गया। जो शिक्षक अपने रिसर्च पेपर भेजेंगे, उनकी प्रविष्टियों को एकत्र कर वर्षांत में गणित शोध संकलन पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

यह कार्यशाला जिले के गणित शिक्षकों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि एक नई दिशा और प्रेरणा का स्रोत भी बनी। शिक्षा विभाग कैथल इस समग्र प्रयास के माध्यम से विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि व उत्कृष्टता को बढ़ावा देने हेतु संकल्पित है।

# महाराजा श्री दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में उमड़ेगा जनसमूहः रणबीर गंगवा

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लोक निर्माण तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा बुधवार को भिवानी पहुंचे। उन्होंने 13 जुलाई को आयोजित होने वाले महाराजा श्री दक्ष प्रजापति प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह लेकर लोक निर्माण विश्राम गृह में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ तैयारियों की समीक्षा की। वहीं दूसरी ओर उन्होंने भीम स्टेडियम में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री गंगवा ने उपायुक्त साहिल गुप्ता से जयंती समारोह की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पंडाल, मुख्य मंच के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति को लेकर भी मंच बनाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह में पहुंचने के दौरान लोगों को किसी प्रकार से परेशानी न हो, इसके लिए भीम स्टेडियम में दो तरफ रास्ते दिए जाएं। उपायुक्त ने मंत्री को बताया कि बाहर से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। वाहनों के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। यातायात पुलिस को भी इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं।